सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 297 | इंदौर, गुरुवार 09 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

अब बारी मालवा-निमाड़ की

## आठ सीटों पर मोहन-कैलाश की साख दांव पर, कांग्रेस को जीतू और उमंग से उम्मी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटों में से 21 सीटों पर तीन चरणों में मतदान हो चुका है। पहले और दूसरे चरण में कम मतदान के बाद तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। चौथे चरण में 13 मई को मालवा-निमाड़ की आठ सीटों पर मतदान होगा। इनमें इंदौर, देवास, उज्जैन, धार, रतलाम, खरगोन, मंदसौर, खंडवा सीटें शामिल हैं। ये सभी सीटें इस समय भाजपा के पास हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और प्रदेश के दिग्गज भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय का इन सीटों पर अच्छा प्रभाव है। इन सीटों पर भाजपा को मोहन-कैलाश की जोड़ी से करिश्मे की तो कांग्रेस को जीतू-उमंग से उम्मीदें हैं।

### 'बम' की नाम वापसी की स्क्रिप्ट विजयवर्गीय ने लिखी

मालवा-निमाड़ की आठ सीटों में इंदौर की सीट भी शामिल है, जहां पर कांग्रेस नोटा का बटन दबाने का अभियान चला रही है। कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया। उनकी नाम वापसी के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। इसकी पूरी स्क्रिप्ट कैलाश विजयवर्गीय ने ही लिखी थी।

### छिंदवाड़ा जिताने की जिम्मेदारी

पार्टी ने कैलाश विजयवर्गीय को कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा को जिताने की जिम्मेदारी भी दी थी। उन्होंने चुनाव के दौरान छिंदवाड़ा में ही डेरा डाल दिया था। कमलनाथ चुनाव नहीं लड़ रहे थे, इसके बावजूद वे अन्य सीटों पर कांग्रेस के प्रचार के लिए अपने गढ़ से बाहर नहीं निकल सके। इंदौर समेत अंचल के कई बड़े कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल कराने में कैलाश विजयवर्गीय की बड़ी भूमिका रही है। इंदौर से पूर्व विधायक संजय शुक्ला और विशाल पटेल जैसे कई बड़े कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है। इसके पीछे विजयवर्गीय की रणनीति को ही माना जाता है।

### अब विजयवर्गीय के सामने यह चुनौती

प्रदेश में चौथे और अंतिम चरण में आठ सीटों पर मतदान होगा। इसमें खरगोन, धार और रतलाम सीटें भी शामिल है। इन लोकसभा सीटों में आठ-आठ विधानसभा सीटें हैं। खरगोन और धार में आठ-आठ विधानसभा सीटों में से पांच-पांच सीटें कांग्रेस के पास है। झाबुआ-रतलाम सीट पर आठ में से तीन कांग्रेस और एक सीट भारतीय आदिवासी पार्टी ने जीती है। यहां बराबर-बराबर मुकाबला है। ऐसा बताया जा रहा है कि इन सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में कांटे का मुकाबला है। इन सीटों को जीतना पार्टी के लिए चुनौती रहेगी।

### सीएम ने भी पूरी ताकत झोंक दी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन से आते हैं। उन्होंने भी तीसरे चरण की सीटों को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। उनके मालवा-निमाड़ की सीटों पर लगातार दौरे हो रहे हैं। वह साथ ही कार्यकर्ताओं की बैठक में भी भाग ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मंदसौर से आते है, लेकिन मालवा-निमाड़ की सीटों को जिताने की जिम्मेदारी उनकी है।

### इंदौर में जीतू और धार में उमंग की परीक्षा

इंदौर में अक्षय कांति बम के नाम वापस लेने के बाद कांग्रेस मुकाबले से बाहर हो गई है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने अपने गृह क्षेत्र में कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनता से नोटा का बटन दबाने की अपील की है। वहीं, धार सीट में आने वाली गंधवानी विधानसभा सीट से उमंग सिंघार विधायक हैं। वह नेता प्रतिपक्ष भी हैं। वह धार सीट पर पूरा जोर लगा रहे हैं। इन दोनों नेताओं की दोनों ही सीट पर परीक्षा है।

# RGPV के 19.50 करोड़ के घोटाले में नया खुलासा

# 1.34 करोड़ व्यापारियों को बांटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल के राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (RGPV) के अकाउंट से दलित संघ सोहागपुर के अकाउंट में ट्रांसफर हुए 9.50 करोड़ रुपए में से करीब सवा करोड़ रुपए व्यापारियों को बांटे गए। व्यापारियों तक यह रकम दलित संघ के सचिव रतन उमरे ने पहुंचाई है। यह खुलासा RGPV के अकाउंट से दलित संघ के खाते में ट्रांसफर हुए 9.50 करोड़ रुपए मामले की जांच कर रही भोपाल की गांधीनगर पुलिस ने किया है। साथ ही पुलिस ने इस मामले में संघ के सचिव रतन उमरे और कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया को आरोपी बना लिया है। उल्लेखनीय है यूनिवर्सिटी के अकाउंट में यह रकम स्टूडेंट्स द्वारा परीक्षा, नामांकन, रजिस्ट्रेशन सहित दूसरे प्रोसेस की फीस के रूप में जमा की थी।




### व्यापारियों को दिए 1 करोड़ 34 लाख रुपए

बैंक मैनेजर सुमित झारिया और विजय वर्मा ने पुलिस ने बताया कि दलित संघ के सचिव रतन उमरे ने यूनिवर्सिटी के खाते में आई रकम में से एक बड़े हिस्से को प्राइवेट बैंक में संचालित अपने स्वयं के अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया था। इसी रकम को आईसीआईसीआई बैंक अकाउंट से रतन उमरे ने 1 करोड़ 34 लाख 48 हजार रुपए कई व्यापारियों को दिए थे। हालांकि, ये रुपए व्यापारियों को क्यों दिए इसका खुलासा नहीं हो सका है।

### सचिव उमरे की जमानत याचिका खारिज

दलित संघ सोहागपुर के सचिव एवं आरजीपीवी करप्शन केस के आरोपी रतन उमरे की जमानत याचिका विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ) रामप्रताप मिश्र ने खारिज कर दी। उमरे ने न्यायाधीश रामप्रताप मिश्र की कोर्ट में 1 मई को आरजीपीवी केस में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। इस पर कोर्ट ने 2 मई को सुनवाई की और 6 मई को अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

### राष्ट्रपति से सम्मानित हूं, मान-सम्मान खत्म हो जाएगा

भोपाल कोर्ट में दायर अग्रिम जमानत याचिका में दलित संघ के सचिव रतन उमरे ने अपने आवेदन में लिखा- समाज में काफी मान-सम्मान है। समाज सेवा के लिए राष्ट्रपति से सम्मानित हूं। यदि पुलिस गिरफ्तार करती है, तो सामाजिक मान-सम्मान समाप्त हो जाएगा। मामले की जांच में काफी समय लगने की संभावना है। पुलिस निर्दोष होने के बावजूद भी गिरफ्तार करना चाहती है। जमानत दी जाती है, तो मामले की जांच में पूरा सहयोग करूंगा।

### कुलपति, रजिस्ट्रार और फाइनेंस कंट्रोलर समेत 8 आरोपी

सुनील कुमार, तत्कालीन कुलपति, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

आरएस राजपूत, तत्कालीन रजिस्ट्रार, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

ऋषिकेश वर्मा, रिटायर, फाइनेंस कंट्रोलर, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

कुमार मयंक, तत्कालीन मैनेजर, आरबीएल बैंक प्राइवेट लिमिटेड

सीमा वर्मा, पत्नी ऋषिकेश वर्मा, रिटायर, फाइनेंस कंट्रोलर

राम कुमार रघुवंशी, तत्कालीन ब्रांच मैनेजर, एक्सिस बैंक पिपरिया

सुनील रघुवंशी, सह-सचिव, दलित संघ सोहागपुर

रतन उमरे, सचिव, दलित संघ सोहागपुर

# पिंक मतदान केंद्र, इतने सुंदर बनते हैं कि इन्हें देखने आते हैं लोग, फीडिंग भी करा सकती हैं महिलाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट





इंदौर। इंदौर में लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होना है। यहां के पिंक मतदान केंद्र हमेशा चर्चा में रहते हैं। यह इतने सुंदर होते हैं कि इन्हें देखने के लिए भी लोग आते हैं। इंदौर में लोकसभा निर्वाचन को उत्सवी रूप देने के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष साज-सज्जा की जाएगी तथा मतदाताओं को अनेक सुविधाएं भी मिलेगी। इंदौर शहर में इसके मद्देनजर 25 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें से 6 मतदान केन्द्र दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा तथा 6 मतदान केन्द्र महिला कर्मियों द्वारा संचालित रहेंगे। इन्हें पिंक मतदान केंद्र कहा जाता है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इंदौर शहर में बनाए जाने वाले 25 आदर्श मतदान केन्द्रों पर समन्वय के लिए नगर निगम के अपर आयुक्तों को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही प्रत्येक आदर्श मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि 11 मई की शाम 5 बजे तक आदर्श मतदान केन्द्र तैयार कर दें।

### दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित आदर्श मतदान केन्द्र

इंदौर में दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित आदर्श मतदान केन्द्रों में इंदौर-एक के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय किला मैदान, इंदौर दो के आरबीटीआई अनुदेशक नगर के सामने आयटीआय सुखलिया, इंदौर-3 के इल्वा उच्चतर माध्यमिक स्कूल लोहा मण्डी, इंदौर-4 के वैष्णव कन्या विद्यालय गुमाश्ता नगर, इंदौर-5 के श्री चेतन्य टेक्नो स्कूल रिंग रोड आईपीएस स्कूल के पास तथा राऊ विधानसभा क्षेत्र के क्वींस कॉलेज भवन लिम्बोदी मतदान केन्द्र शामिल हैं।

### महिला पिंक आदर्श मतदान केन्द्र

महिला पिंक आदर्श मतदान केन्द्रों में इंदौर-1 के शारदा कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बड़ा गणपति, इंदौर दो के विद्या विजय हायर सेकेंडरी स्कूल स्लाइस 4 स्कीम नम्बर 78 अरण्य, इंदौर 3 के पीएमबी गुजराती साईन्स कॉलेज नसिया रोड, इंदौर 4 के रामकृष्णबाग गणेश हाल कमरा नम्बर-3 लाबरिया भेरू, इंदौर-5 के सीपीडब्ल्यूडी उपम एफ-1 कार्यालय कमरा नम्बर-1 तथा राऊ विधानसभा क्षेत्र के माता गुजरी कॉलेज एबी रोड नर्सरी भवन बी मतदान केन्द्र शामिल हैं।

इसी प्रकार इंदौर-1 में शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बाणगंगा मेनरोड कमरा नम्बर-5 तथा रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ कमरा नम्बर-11 वीआयपी रोड, इंदौर दो में प्रेस्टिज पब्लिक स्कूल स्कीम नम्बर-74 सी विजय नगर कमरा नम्बर-1 तथा माँ कनकेश्वरी महाविद्यालय नंदा नगर कमरा नम्बर-1,3,4 एवं 6 के मतदान केन्द्र, इंदौर-3 में शासकीय अहिल्याश्रम एवं चंद्रावती कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 पोलोग्राउण्ड कमरा नम्बर-2, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय सुभाष मार्ग रामबाग कमरा नम्बर-1 तथा सेंट रेफेल्स उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल ओल्ड सिहोर रोड कमरा नम्बर-1, इंदौर-4 में कसेरा बाजार विद्या निकेतन गुमास्ता नगर, इंदौर-5 में सेंटपाल स्कूल कमरा नम्बर-4 तथा मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग पश्चिम परिक्षेत्र ओल्ड पलासिया कमरा नम्बर-8 में भी आदर्श मतदान केन्द्र बनाए जा रहे हैं। उपरोक्त मतदान केन्द्रों पर आकर्षक साज-सज्जा होगी। भव्य प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। मतदाताओं के बैठने के लिए वेटिंग एरिया भी बनेगा। पीने के ठण्डे पानी की व्यवस्था भी की जाएगी। बच्चों के लिए प्ले एरिया रहेगा। धात्री माताओं के लिए फिडिंग रूम की व्यवस्था भी की जाएगी।

### मतदान दलों में नियुक्त होने वाले 72 दिव्यांग कर्मियों को दिया गया मतदान कराने का प्रशिक्षण

इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए 13 मई को मतदान होगा। जिले में दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित 9 मतदान केन्द्र बनाए जा रहे हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों में नियुक्त होने वाले 72 दिव्यांग कर्मियों को आज मतदान सुव्यस्थित रूप से कराने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण होल्कर साइंस कॉलेज में दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिव्यांग कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के संबंध में दिए गए निर्देशों, नियमों, ईवीएम के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें मतदान कर्मियों के अधिकार एवं कर्तव्य भी बताए गए। बताया गया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में जिले के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित एक-एक मतदान केन्द्र बनाए जा रहे हैं। इन केन्द्रों पर पीठासीन अधिकारी से लेकर सभी मतदान कर्मी दिव्यांग रहेंगे। इसके लिए कुल 9 मतदान दल बनाए गए हैं। प्रत्येक दल में चार-चार कर्मी रखे गए हैं। इतने ही दल रिजर्व में रहेंगे। दिव्यांग मतदान कर्मियों को डॉ. डी.सी. राठी द्वारा व्यवहारिक तथा सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह ने

# आपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त 6 अपराधियों को किया जिलाबदर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह ने इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 अपराधियों को 6-6 माह के लिए जिला बदर कर दिया है। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जिन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है उनमें बेटमा थाना क्षेत्र के शानु उर्फ नेपाली पिता दिनेश मंडलोई, साहिल पिता साकिर खान, धर्मेन्द्र पिता मानसिंह, किशनगंज थाना क्षेत्र के दीपक उर्फ कुलदीप पिता श्याम सिंह चौहान, बड़गोंदा थाना क्षेत्र के योगेन्द्र पिता सत्यनारायण बनारसी और गौतमपुरा थाना क्षेत्र के रतन पिता मांगीलाल उर्फ मांगु सिंह उर्फ शंकर सिंह शामिल है। अपराधी शानु उर्फ नेपाली पिता दिनेश मंडलोई के विरुद्ध 7 प्रकरण पंजीबद्ध है। इसके विरुद्ध आम जनता के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, गाली गलौच करना, चोरी करना, गांजा पीना, अवैध हथियार रखना आदि प्रकरण पंजीबद्ध है। इसी तरह साहिल पिता साकिर खान के विरुद्ध कुल 4 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसके विरुद्ध आम जनता से मारपीट करना, जान से मारने की धौंस देना, गाली गलौच करना, अवैध हथियार रखना आदि प्रकरण है। धर्मेन्द्र पिता मानसिंह के विरुद्ध कुल 4 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसके विरुद्ध आम जनता से मारपीट करना, जान से मारने की धौंस देना, अवैध वसूली करना, अवैध शराब रखना आदि प्रकरण पंजीबद्ध है। इसी प्रकार दीपक उर्फ कुलदीप पिता श्याम सिंह चौहान के विरुद्ध साथियों के साथ एक मत होकर मारपीट करना, डराना धमकाना, जान से मारने की धमकी देना, गालियां देना आदि सहित कुल 4 प्रकरण पंजीबद्ध है। योगेन्द्र पिता सत्यनारायण बनारसी के विरुद्ध 7 प्रकरण दर्ज है। इसके विरुद्ध आम जनता के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, गाली गलौच करना, अवैध शराब, अवैध जुआं, बलात्कार, अवैध हथियार रखना आदि प्रकरण पंजीबद्ध है। रतन पिता मांगीलाल उर्फ मांगु सिंह उर्फ शंकर सिंह के विरुद्ध 7 प्रकरण दर्ज है। इसके विरुद्ध गाली गलौच, बलवा करना, हत्या का प्रयास, मारपीट, जमीन पर कब्जा करना आदि प्रकरण पंजीबद्ध है।

# लोकसभा निर्वाचन को उत्सवी रूप देने के लिए मतदान केन्द्रों पर की जाएगी विशेष साज-सज्जा

## इंदौर शहर में बनेंगे 25 आदर्श मतदान केन्द्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लोकसभा निर्वाचन के लिए 13 मई को होने वाले मतदान की व्यापक तैयारियां जारी है। इंदौर में लोकसभा निर्वाचन को उत्सवी रूप देने के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष साज-सज्जा की जायेगी तथा मतदाताओं को अनेक सुविधाएँ भी मिलेगी। इंदौर शहर में इसके मद्देनजर 25 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें से 6 मतदान केन्द्र दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा तथा 6 मतदान केन्द्र महिला कर्मियों द्वारा संचालित रहेंगे।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इंदौर शहर में बनाये जाने वाले 25 आदर्श मतदान केन्द्रों पर समन्वय के लिए नगर निगम के अपर आयुक्तों को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही प्रत्येक आदर्श मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किये गये है। उन्हें निर्देश दिये गये है कि 11 मई की शाम 5 बजे तक आदर्श मतदान केन्द्र तैयार कर देवें।

इंदौर में दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित आदर्श मतदान केन्द्रों में इंदौर-एक के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय किला मैदान, इंदौर दो के आरबीटीआई अनुदेशक नगर के सामने आयटीआय सुखलिया, इंदौर-3 के इल्वा उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल लोहा मण्डी, इंदौर-4 के वैष्णव कन्या विद्यालय गुमाश्ता नगर, इंदौर-5 के श्री चेतन्य टेक्नो स्कूल रिंग रोड आईपीएस स्कूल के पास तथा राऊ विधानसभा क्षेत्र के क्वींस कॉलेज भवन लिम्बोदी मतदान केन्द्र शामिल है।

महिला पिंक आदर्श मतदान केन्द्रों में इंदौर-1 के शारदा कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बड़ा गणपति, इंदौर दो के विद्या विजय हायर सेकेंडरी स्कूल स्लाइस 4 स्कीम नम्बर 78 अरण्य, इंदौर 3 के पीएमबी गुजराती साईन्स कॉलेज नसिया रोड, इंदौर 4 के रामकृष्णबाग गणेश हाल कमरा नम्बर-3 लाबरिया भेरू, इंदौर-5 के सीपीडब्ल्यूडी उपम एफ-1 कार्यालय कमरा नम्बर-1 तथा राऊ विधानसभा क्षेत्र के माता गुजरी कॉलेज एबी रोड नर्सरी भवन बी मतदान केन्द्र शामिल है।

इसी प्रकार इंदौर-1 में शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बाणगंगा मेनरोड कमरा नम्बर-5 तथा रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ कमरा नम्बर-11 वीआयपी रोड, इंदौर दो में प्रेस्टिज पब्लिक स्कूल स्कीम नम्बर-74 सी विजय नगर कमरा नम्बर-1 तथा माँ कनकेश्वरी महाविद्यालय नंदा नगर कमरा नम्बर-1,3,4 एवं 6 के मतदान केन्द्र, इंदौर-3 में शासकीय अहिल्याश्रम एवं चंद्रावती कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 पोलोग्राउण्ड कमरा नम्बर-2, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय सुभाष मार्ग रामबाग कमरा नम्बर-1 तथा सेंट रेफेल्स उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल ओल्ड सिहोर रोड कमरा नम्बर-1, इंदौर-4 में कसेरा बाजार विद्या निकेतन गुमास्ता नगर, इंदौर-5 में सेंटपाल स्कूल कमरा नम्बर-4 तथा मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग पश्चिम परिक्षेत्र ओल्ड पलासिया कमरा नम्बर-8 में भी आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जा रहे हैं।

उपरोक्त मतदान केन्द्रों पर आकर्षक साज-सज्जा होगी। भव्य प्रवेश द्वार बनाया जायेगा। मतदाताओं के बैठने के लिए वेटिंग एरिया भी बनेगा। पीने के ठण्डे पानी की व्यवस्था भी की जायेगी। बच्चों के लिए प्ले एरिया रहेगा। धात्री माताओं के लिए फिडिंग रूम की व्यवस्था भी की जायेगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने खो-खो खेल कर दिया मतदान का संदेश

इंदौर। इंदौर जिले को मतदान में अग्रणी बनाने के लिए नियमित रूप से नये-नये कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता की गतिविधियों का आयोजन बहुत ही उत्साह से किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाएं स्वयं और क्षेत्र के सभी लोगों को मतदान अवश्य करने का संदेश प्रभावी रूप से देने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में महू के ग्राम उंडवा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहले एक जागरूकता रैली निकाली उसके बाद मतदान करने की शपथ ली और फिर अपने बचपन को जीवंत करते हुए पारम्परिक साड़ी में खो-खो खेला। मतदान जागरूकता के लिए पारम्परिक खेल के जरिये संदेश देने का यह तरीका महिलाओं के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य लोगों द्वारा भी खूब पसंद किया गया।

# नोटा से डरी भाजपा, भाजपा की महिला पार्षद ने निकलवाए कांग्रेस के पोस्टर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। इंदौर की लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी की नामवापसी के बाद पार्टी ने NOTA (None Of The Above) का ही बटन दबाने का अभियान छेड़ दिया है। जवाब में बीजेपी ने रणनीति बदली है। कांग्रेस प्रत्याशी के मैदान में रहते बीजेपी ने 8 लाख वोटों से चुनाव जीतने का लक्ष्य रखा था उस टारगेट को बढ़ाकर 11 लाख कर दिया है।




कांग्रेस के नोटा अभियान के बीच बुधवार को का मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा 1 के वार्ड 6 से पार्षद संध्या यादव का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में पार्षद यादव ऑटो रिक्शा के पीछे लगे नोटा अभियान के पोस्टर को हटाती नजर आ रही हैं। यह वीडियो कांग्रेस नेत्री शोभा ओझा ने बुधवार को ट्वीट किया है। कांग्रेस ने इसे तानाशाही बताया है, जबकि पार्षद यादव का कहना है कि एक जागरुक नागरिक के तौर पर उन्होंने पोस्टर हटाया। जनता कांग्रेस को 13 मई को जवाब देगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिंह यादव ने पूरी घटना की शिकायत चुनाव आयोग से की है। यादव ने कहा कि यह भाजपा की गुंडागर्दी हैं। जो आम मतदाता का अधिकार छीन रही है। वीडियो में पार्षद यादव ऑटो चालक से ये कहती हुई नजर आ रही हैं कि “मोदीजी को वोट नहीं दोगे। ये नोटा क्या है। पार्षद के साथ मौजूद व्यक्ति ने भी कहा कि मोदीजी ने इतना कुछ किया है। दूसरे ऑटो रिक्शा में भी यदि पोस्टर लगे हों तो उसे हटाएं।” वीडियो इंदौर में एरोड्रम थाने के सामने का है। मामले में कांग्रेस नेत्री शोभा ओझा ने कहा कि ये तानाशाही है। इस तरह से बीजेपी के द्वारा लोगों को डराया जा रहा है। लोग खुलकर नोटा को सपोर्ट कर रहे हैं। इंदौर में 11 लाख वोटों का टारगेट सेट करने के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक्टिव हो गए हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को उनका भी एक वीडियो वायरल हुआ। वे बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि आज आप लोग संकल्प लेकर उठेंगे कि हमारे बूथ पर सबसे ज्यादा वोट पड़ेंगे। लोग कहें कि इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है उसी तरह इंदौर की लोकसभा का उम्मीदवार भी जीत में नंबर वन है। ये रिकॉर्ड कोई बना सकता है तो वो हैं हमारे कार्यकर्ता। कुछ लोग नोटा का माहौल बना रहे हैं लेकिन हमारे शहर की जनता नकारात्मकता में पड़ने वाली नहीं है।

### पार्षद संध्या यादव बोली

मामले में पार्षद संध्या यादव का कहना है कि एक जागरूक नागरिक के तौर पर उन्होंने ऑटो रिक्शा से पोस्टर हटाया। रिक्शा चालक से जब पूछा तो उसे पता ही नहीं था कि नोटा क्या है। उसे कांग्रेसियों ने 50 रुपए दिए थे और कहा था कि थोड़ी देर पोस्टर लगे रहने देना। बाद में हटा देना। नोटा कोई उम्मीदवार तो नहीं है। जिस प्रकार स्वच्छता में इंदौर नंबर वन आया है, उसी तरह मतदान में भी नंबर वन आएगा। कांग्रेस जनता को भ्रमित कर रही है। उनके प्रत्याशी ने बीजेपी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी जॉइन की है। अक्षय बम के बीजेपी में आने पर ताई के विरोध को लेकर पार्षद यादव ने कहा कि ताई हमारी वरिष्ठ नेता है, उनके बारे में कुछ नहीं कहना।

## लोक सभा चुनाव में अहम भूमिका निभा रहे है चीफ जस्टिस ऑफ़ सुप्रीम कोर्ट डी वाई चंद्रचूड़ सर

### हिंदुस्तान की दिल की धड़कन में बसे चीफ जस्टिस ऑफ़ सुप्रीम कोर्ट

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

श्री डी वाई चंद्रचूड़ सर हर लॉ स्टूडेंट ,आम आदमी, पीड़ित व्यक्ति करोड़ो छात्र की इंस्पिरेशन है! किशनगंज इंद्रपुरी कॉलोनी रहवासी हर्ष खंडेलवाल ने बताया की अहसास हो रहा है! की सोने की चिड़िया वाला हिंदुस्तान बन रहा है! वकालत ही नहीं राजनीति में भी अब ईमानदारी और विशवास की लहर चल चुकी है एक सो चालीस करोड़ जनता का भरोसा अब श्री डी वाई चंद्रचूड़ दुवारा देश की जनता देख रही है!

जिस हिसाब से इलेक्ट्रोल बॉन्ड स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बात बाहर आयी है कहा जाता है की जनता का विशवास अब सर चढ़कर बोल रहा है! जज साहब के निर्णय ने हिंदुस्तान की जनता का दिल जित लिया है! हर्ष खंडेलवाल ने पत्रकार महोदय द्वारा अपनी बात दिल्ली तक पहुंचानें का इरादा किया है! श्री डी वाई चंद्रचूड़ सर ने कहा एक पत्रकार की कलम कभी नहीं रुकनी चाहिए इन्साफ के लिए हमेशा पत्रकार आगे रह है! और आगे रहे गा !



इस बार के लोक सभा चुनाव में जज साहब का सॅयोग रहा तो एक नयी राह और मंज़िल मिलेगी हिंदुस्तान को भ्रष्टाचार मुक्त ,भुकमरी मुक्त भारत अपने विज़न की और अग्रसर है! अब नया विज़न, मिशन मिलेगा हिंदुस्तान को वो है आप!

क्या होगा जब चीफ जस्टिस ऑफ़ सुप्रीम कोर्ट डी वाई चंद्रचूड़ आएंगे !?

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का सच बहार आएगा

जनता का विशवास बड़ेगा कानून / राजनीति मे

एक बार फिर हिंदुस्तान सोने की चिड़िया बन जायेगा

ईमानदारी से चुनाव

लोगकतंत्र की हत्या नहीं होगी

इनकम टैक्स से डरना बंद

## शहर में मतदाता जागरूकता के लिए मिल रही है हर वर्ग की उत्साहपूर्ण भागीदारी

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ट्रांसजेंडर भी आगे आए




**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। शहर में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों में समाज के हर वर्ग की उत्साहपूर्वक भागीदारी सामने आ रही है। ऐसा ही एक उदाहरण कलेक्टर कार्यालय में देखने को मिला। यहां ट्रांसजेंडर वर्ग के युवा एकत्रित हुये। उन्होंने मतदान जागरूकता संबंधी स्लोगन की तख्तिया अपने हाथों में थाम कर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया तथा उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि 13 मई को मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि मतदान करोगे तो कल है, वर्ना सब विफल है।

## मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर निर्देश जारी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखना होगा। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिये मोबाईल फोन का उपयोग कर सकेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर को वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही अपने मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति होगी।

## शहडोल में गैंगरेप की घटना पर भड़के कमलनाथ

**भोपाल।** शहडोल में 15 साल की नाबालिग के साथ गैंगरेप हुआ है। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 5 आरोपियों को दबोच लिया है। वहीं इस घटना पर कांग्रेस के दिग्गजों ने मध्यप्रदेश की मोहन सरकार पर सवाल करना शुरू कर दिया है। पहले जीतू पटवारी ने मोहन यादव सरकार पर सवाल किया फिर अब मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भी मध्य प्रदेश की कानून व्यवस्था पर तंज कसा है। शहडोल में एक 15 साल की नाबालिग मासूम कोचिंग पढ़कर अपने दोस्त के साथ पास के ही एक जंगल की तरफ घूमने चली गई। तभी उसके पीछे 5 युवक पड़ गए और उन युवकों ने उस लड़की और दोस्त को साथ देखकर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जब लड़की ने इसका विरोध किया तो वे पांचों युवक मिलकर उसको जबरन जंगल में ले गए और बारी-बारी से उसके साथ रेप किया। बाद में लड़की को जंगल में ही छोड़कर फरार हो गए। खून से लथपथ मासूम अपने दोस्त के घर पहुंची, फिर उसके दोस्त ने लड़की के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बिना देरी किए थाने में जाकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रशासन ने भी कड़ी कार्रवाई करते हुए उन पांचों के अवैध घरों पर बुलडोजर चलाया है।

## डीएसपी के गनर ने गोली मारकर सुसाइड किया

**मुरैना।** जिले में डीएसपी हेडक्वार्टर के गनर ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया। उनका शव सरकारी क्वार्टर में मिला। घटना मंगलवार देर रात 11 बजे की है। विक्रम परमार के मां - पिता ग्वालियर के विजयनगर गधाईपुरा में रहते हैं। वे मुरैना में पत्नी, 16 साल की बेटी और 10 साल के बेटे के साथ सरकारी क्वार्टर में रहते थे। मूल रूप से वैपुरा बाड़ी बसेड़ी (धौलपुर, राजस्थान) के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि विक्रम के एक पैर में फ्रैक्चर था, इसके बाद भी वे ड्यूटी कर रहे थे। ऐसी भी चर्चा है कि मंगलवार रात उनका पत्नी से किसी बात पर झगड़ा हुआ था। फिलहाल, पुलिस जांच कर रही है कि उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया।

## यूट्यूबर भूपेंद्र जोगी पर जानलेवा हमला

**भोपाल।** राजधानी के मालवीय नगर में फेमस यूट्यूबर भूपेंद्र जोगी पर जानलेवा हमला हो गया। बाइक सवार 2 बदमाशों ने चेहरे पर नकाब पहनकर वारदात को अंजाम दिया। घटना मंगलवार रात उस वक्त हुई जब भूपेंद्र अपनी दुकान से घर लौट रहे थे। उन्हें गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें, बरखेड़ी जोगीपुरा निवासी भूपेंद्र जोगी (38) की न्यू मार्केट में कपड़ों की दुकान है। साथ ही, वे यूट्यूब के लिए वीडियो भी बनाते हैं। उनके प्लेटफार्म पर ढाई लाख से अधिक फालोवर हैं।

## भाई-बहन नर्मदा नदी में डूबे, मौत

**नरसिंहपुर।** नगर में दो सगे भाई-बहन की नर्मदा नदी में डूबने से मौत गई। उनके साथ तीन बच्चे और थे, वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचा लिया। घटना सुबह करीब 7 बजे जिले के साईखेड़ा में नर्मदा नदी के तट पर बने सोकलपुर घाट की है। जानकारी के अनुसार वैशाख माह की अमावस्या पर एक ही परिवार के पांच बच्चे घाट पर स्नान के लिए गए थे। इसी दौरान तीनों गहरे पानी में चले गए। हर्षिता गुर्जर (12) और हर्षित गुर्जर (10) की मौत हो गई। इनके साथ नहा रहे तीन बच्चों को डूबने से बचा लिया गया। दोनों के शव का पोस्टमॉर्टम गाडरवारा सिविल अस्पताल में कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भोपाल के गौतम नगर में लगी आग

## ऊपर के फ्लोर में फंसी दो लड़कियों को रेस्क्यू कर बचाया, दुकानें हुईं खाक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के गौतम नगर में बुधवार सुबह लगभग 4 बजे एक मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मकान में नीचे बनी दुकानों के साथ पूरे मकान को आग ने चपेट में ले लिया। मकान के ऊपरी फ्लोर पर एक परिवार के 5 लोग फंस गए। परिवार के 3 लोग किसी प्रकार बाहर आ गए, लेकिन दो लड़कियां मकान में ही फंस गईं। फायर ब्रिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों लड़कियों का रेस्क्यू किया। दमकल कर्मियों ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



**मकान के नीचे बनी थी दो दुकानें -** गौतम नगर के जिस मकान में आग लगी, उसमें नीचे दुकानें थीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दुकानों के शटर तोड़कर फायर ब्रिग्रेड कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। जानकारी के अनुसार आग की वजह शॉर्ट सर्किट है। नीचे दुकानें होने की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। यहां किराने के साथ ही कपड़े की दुकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। सारा समान भी जल गया। नगर निगम की 6 दमकलों ने 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**कपड़े और जनरल स्टोर के समान के कारण तेज हुई आग-** मौके पर रेस्क्यू करने पहुंचे फायर फाइटर शाहनवाज के अनुसार मकान के नीचे बनी दुकानों के कपड़े और जनरल स्टोर्स के सामान होने की वजह से आग भीषण हो गई थी। दुकानों में शटर लगी हुई थी और अंदर से आग की लपटें तेजी से बाहर निकल रही थीं, इसलिए शटर को तोड़ना पड़ी। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। साढ़े 3 घंटे में आग पूरी तरह से काबू में आ सकी। निगमकर्मी फहीम खान, नवाब खां, फारूख खान, नितिन बघेल, मोहम्मद अकील समेत टीम ने आग पर काबू पाया। आग बुझाने में फतेहगढ़, गोविंदपुरा और माता मंदिर की 6 दमकलें लगीं। यदि समय रहते आग काबू में नहीं आती तो वह फैल जाती। आसपास मकान और दुकानें हैं।

# देवास में अज्ञात बीमारी से दो की मौत, 70 बीमार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास।** जिले की टोंक खुर्द तहसील के खेड़ा माधवपुर गांव में अज्ञात बीमारी फैल गई है। इस बीमारी से अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। 70 लोग बीमार हैं। ये जानकारी कांग्रेस नेता और पीसीसी चीफ के मीडिया एडवाइजर केके मिश्रा ने मंगलवार देर रात सोशल मीडिया पर दी। इसके बाद सरकार हरकत में आई। सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर तीन टीमें खेड़ा माधवपुर गांव पहुंचीं हैं।

भोपाल के स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से दो सदस्यीय टीम में स्टेट एंटेमोलॉजिस्ट डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह और शैव्या सालम को भेजा गया है। इंदौर से दो टीमें भेजी गई हैं। एक टीम में इंदौर के सिविल सर्जन के साथ एक अन्य विशेषज्ञ हैं। इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज की 4 सदस्यीय टीम में डॉ. वीपी गोस्वामी और 3 रेजिडेंट डॉक्टर जांच में जुटे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार गांव में टाइफाइड और पीलिया फैलने की आशंका है। हालांकि, विशेषज्ञों के दलों द्वारा अस्पतालों में भर्ती



मरीजों के सैंपल लेकर जांच कराई जाएगी। इसके बाद ये साफ हो पाएगा कि कौन सी बीमारी फैली है। देवास के सीएमएचओ शिवेंद्र मिश्रा ने बताया कि गांव में पिछले कुछ दिनों से लोगों के बीमार होने की जानकारी सामने आई है। गांव के एक व्यक्ति की तबीयत उल्टी, बुखार होने के बाद खराब हो गई थी। जिसे उज्जैन के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान 26 अप्रैल को उसकी मौत हो गई। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति की मौत 3 मई को इसी गांव में हुई है।

## 'मेरी नहीं तो किसी की नहीं होने दूंगा'...कहकर पत्नी का घोंटा गला, फिर थाने पहुंचा पति, जानें मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** खरगोन नगर के काजीपुरा क्षेत्र में मंगलवार तड़के उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक तलाकशुदा महिला रोशनी की उसके सिरफिरे पति सलीम ने गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद युवक सलीम ने खुद ही थाने जाकर इसका खुलासा भी किया। वहीं फिलहाल पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर बेटी की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंची मृतका की मां अफसाना और पिता शकील ने बताया कि उनकी बेटी रोशनी की शादी सलीम खान निवासी मलकापुर से करीब 5 वर्ष पहले हुई थी। शादी के करीब एक साल बाद ही बेटी पति की शराब की लत में रोजाना मारपीट से तंग आकर अलग रहने लगी थी और घरेलू कामकाज के साथ ही शादी ब्याह में काम कर अपना गुजारा कर रही थी। हालांकि 4 साल पहले उनका तलाक भी हो गया था। वहीं उसका पति अक्सर उसके घर जाकर उसे परेशान करता रहता था। वहीं मृतका की मां अफसाना बी ने बताया कि उनकी बेटी रोशनी को पति सलीम फांसी लगाकर भाग गया, जबकि उनकी लड़की करीब 4 साल पहले तलाक ले चुकी थी। इधर, सदर थानाप्रभारी ने बताया कि घटना करीब सुबह 3 बजे की है। इसके पहले भी 26 जनवरी को आरोपी ने मृतका को चाकू मारा था और कहता था कि मेरी नहीं हुई तो किसी की नहीं हो सकती।

# शादी की खुशियां मातम में बदली, खड़े डंपर में घुसी कार, दो की मौत, सात जख्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** देर रात्रि को नागदा-उन्हेल रोड पर एक ऐसी भयावह दुर्घटना घटित हुई, जिसमें रतलाम से खरीददारी कर वापस से आ रहा एक परिवार एक डंपर में पीछे से टकरा गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय उज्जैन पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल लाते समय दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य गंभीर घायलों में से तीन को इंदौर रेफर किया गया है।

बताया जाता है कि उज्जैन तहसील में रहने वाले वाघेला परिवार की बेटी अंजलि (19) की कुछ समय पहले ही सगाई हुई थी। जिसके बाद शादी से संबंधित खरीदारी करने के लिए पूरा परिवार रतलाम गया था, जहां से वह कार से उज्जैन लौट रहे थे कि





तभी उज्जैन-उन्हेल रोड पर हरियाली ढाबे के पास एक मोटरसाइकिल और डंपर के बीच भिड़ंत हो गई। डंपर और मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़ंत में मोटरसाइकिल चालक रामेश्वर उम्र 40 वर्ष निवासी कुंडला तो घायल हुआ ही, लेकिन डंपर मोटरसाइकिल की भिड़ंत के कारण कार चालक सादिक उम्र 18 वर्ष निवासी मंडवासा कार पर संतुलन नहीं रख पाया और यह यह कार डंपर से जा टकराई, जिससे कार में बैठे रामेश्वर वाघेला के साथ ही सुशीला पति भगवान सिंह, अंशिका उम्र 14 साल, संदीप उम्र 20 वर्ष, अंजलि उम्र 19 वर्ष, चंदा उम्र 30 वर्ष, पूजा उम्र 12 वर्ष, निहारिका उम्र 5 वर्ष और सावित्रीबाई उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इन घायलों को राहगीरों की सहायता से पुलिस ने तुरंत उज्जैन जिला चिकित्सालय पहुंच है, लेकिन उज्जैन लाते समय सावित्रीबाई उम्र 40 वर्ष और पूजा उम्र 12 वर्ष की मौत हो गई। जबकि सुशीला बाई, अंशिका और संदीप की हालत अत्यंत गंभीर थी, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया। मामले की जानकारी लगते ही उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां उन्होंने घायलों के हालचाल जाने और सभी को अच्छे से उपचार दिए जाने की बात कही।

## संपादकीय

### दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाले एकमात्र नेता

कांग्रेस के संकटग्रस्त, लेकिन दृढ़ निश्चयी नेता राहुल गांधी के लिए दांव बहुत ऊंचे हैं। दो भारत जोड़ो यात्राओं और अपनी संसदीय सीट बरकरार रखने के लिए वायनाड से चुनाव लड़ने के बाद राहुल ने रायबरेली सीट से भी नामांकन दाखिल करके अपने दोस्त और दुश्मन-सबको हैरान कर दिया है। वह सभी राजनीतिक दलों से दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाले एकमात्र महत्वपूर्ण नेता हैं। राहुल द्वारा अमेठी सीट से चुनाव नहीं लड़ने के बारे में काफी कुछ लिखा गया है, जहां से वह 2019 में चुनाव हार गए थे। ध्यान रखना चाहिए कि राहुल भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ चुनाव लड़कर अमेठी चुनाव को राहुल बनाम ईरानी नहीं बनने देना चाहते थे। चेतन और अवचेतन स्तर पर अब भी राहुल और कांग्रेस 2024 को राहुल बनाम नरेंद्र मोदी के रूप में देखते हैं। बारीकी से जांच करने पर पता चलता है कि राहुल पर उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी का भारी दबाव था। उत्तर प्रदेश में 34 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 40 फीसदी से ज्यादा वोट हैं। दूसरे शब्दों में, इन सीटों पर कब्जा किया जा सकता है। क्या समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन ये 34 सीटें भाजपा के खाते में जाने से रोक सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो और अयोध्या के राम मंदिर का दौरा इस बात का संकेत है कि भाजपा राहुल एवं अखिलेश को खतरे के तौर पर देख रही है। हालांकि बसपा और मायावती उत्तर प्रदेश में भाजपा के लिए सबसे बड़ी राहत बनी हुई हैं। ऐसे में कल्पना कीजिए कि अगर बसपा का वोट शेयर तेजी से 'इंडिया' गठबंधन की ओर चला जाता है, तो भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश में भारी संकट की स्थिति पैदा हो जाएगी। राधिका खेड़ा, अरविंदर सिंह लवली, गौरव बल्लभ, रोहन गुप्ता, सुरेश पचौरी, अक्षय कांति बाम, वीरेंद्र सिंह और संजय निरुपम भले ही राजनीतिक दृष्टि से मजबूत नेता न दिखें, लेकिन इनमें एक समानता है। इनमें से कई नेताओं ने राम मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से कांग्रेस के इन्कार का मुद्दा उठाया है। हालांकि सच्चाई यह थी कि कांग्रेस अपने नेताओं के अयोध्या जाने के विरोध में नहीं थी, बल्कि 22 जनवरी, 2024 को कमोबेश मोदी और भाजपा के साथ ही थी। अजय राय, दीपेंद्र हुड्डा और मंदिर जाने वाले अन्य लोगों को आखिर लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के टिकट दिए ही गए। असंतुष्टों और विद्रोहियों ने चुनाव के बीच में किसी न किसी बहाने से पार्टी छोड़ी है, जिससे कांग्रेस को शर्मिंदगी एवं बेचैनी का सामना करना पड़ा है। सूरत में भाजपा निर्विरोध चुनाव जीत गई, जबकि इंदौर, पुरी, अहमदाबाद पूर्व में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के पास योग्य उम्मीदवार नहीं है। यह असाधारण स्थिति है। बहरहाल कांग्रेस के लिए अच्छी खबर यह है कि उसकी स्थिति इससे ज्यादा खराब नहीं हो सकती। वर्ष 1967, 1977, 1996, 1998-1999 की पराजय के विपरीत, 2014 और 2019 में हार के बावजूद पार्टी में कोई बिखराव नहीं हुआ और कांग्रेस से टूटकर कोई अलग पार्टी नहीं बनी। फिर भी समय-समय पर नेताओं द्वारा पार्टी छोड़ने से कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ है। 1969 और 1978 की इंदिरा गांधी के विपरीत, मौजूदा कांग्रेस नेतृत्व को अपने राजनीतिक विरोधियों से मुकाबला करने के लिए फिर से संगठित होने या मजबूत संगठन बनाने का समय नहीं मिल रहा है। पार्टी में आंतरिक असंतोष खत्म होता नहीं दिख रहा और वंशवाद का आरोप सोनिया, राहुल एवं प्रियंका को कमजोर कर रहे हैं, जो खुद ही सत्ता की डोर संभाले हुए हैं, भले ही कांग्रेस पर नियंत्रण को इसकी वजह बताया जा रहा है। सोनिया के नेतृत्व में कांग्रेस बदलाव से बचती रही। कांग्रेस शायद एकमात्र राजनीतिक पार्टी है, जहां 1970 के दशक के पार्टी नेता (संजय गांधी की फैक्टरी से निकले) 2014-2024 में भी पार्टी में पकड़ बनाए हुए हैं/थे। अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, अंबिका सोनी, कमलनाथ, अहमद पटेल (नवंबर, 2020 में जिनका निधन हो गया) और अन्य लोग संजय युग में ही प्रमुखता से सामने आए थे। इनमें से ज्यादातर लोग पांच दशक से ज्यादा समय होने के बावजूद अब भी पार्टी में प्रासंगिक बने हुए हैं।


**Quote...**

"Life is really simple, but we insist on making it complicated."

-Confucius

**Osho कहिन**


मूर्ख व्यक्ति ही दूसरों पर हंसते हैं, बुद्धिमान खुद पर हंसते हैं।



## ज्ञान-विज्ञान

# नासा चांद पर चलाएगा ट्रेन

## 'चंद्रमा एक्सप्रेस' के लिए ऐसे बिछाई जाएगी पटरी, क्यों पड़ी जरूरत



**वॉशिंगटन**। चांद पर आज के समय दुनिया की प्रमुख स्पेस एजेंसियां जा रही हैं। चीन ने शुक्रवार को चंद्रमा से जुड़ा एक मिशन लॉन्च किया है। वहीं नासा एक बार फिर चंद्रमा पर इंसानों को भेजकर वहां बस्तियां बसाना चाहता है। एक्सपर्ट्स दूसरे ग्रहों पर इंसानों के परिवहन का सबसे अच्छा तरीका खोज रहे हैं। क्योंकि उड़ने वाला परिवहन सिस्टम फेल हो सकता है। चंद्रमा पर ज्यादा दूर तक इंसान जा सकें इसके लिए नासा एक रेलवे सिस्टम बनाना चाहता है। नासा अगर कामयाब हो गया तो चांद पर वह ट्रेन चला सकेगा। हालांकि रेलवे धरती की तरह दो पटरियों वाला नहीं होगा।

गोल्फ बग्गी वर्तमान में कम लोगों के लिए ट्रांसपोर्ट का एक अच्छा साधन हो सकता है। लेकिन बड़ी आबादी और चंद्रमा पर होने वाले खनन के ट्रांसपोर्ट में यह कारगर नहीं होगा। इसके लिए बड़े परिवहन की जरूरत है। FLOAT नाम की एक नई टेक्नोलॉजी विकसित की जा रही है। वैज्ञानिक उम्मीद कर रहे हैं कि यह चंद्रमा पर मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए पेलोड डिलीवरी का विकल्प प्रदान करेगा। नासा ने चुंबक से चलने वाले इस रेलवे की फंडिंग में बढ़ोतरी की है।

### नासा के हैं कई प्लान

यह प्लान किसी साइंस फिक्शन फिल्म की तरह है। FLOAT का मतलब फ्लेक्सिबल लेविटेशन ऑन ए ट्रैक है। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी की ओर से संचालित की जाने वाली यह परियोजना है और इसे नासा के इनोवेटिव एडवांस्ड कॉन्सेप्ट प्रोग्राम अध्ययन के दूसरे चरण में बनाया जा रहा है। दूसरे कॉन्सेप्ट जिनके ऊपर काम किया जा रहा है उनमें एक पल्स्ड प्लाज्मा रॉकेट और एक बड़ी ऑप्टिकल ऑब्जर्वेटरी है। जिस रॉकेट को बनाया जा रहा है उससे पृथ्वी से सौरमंडल में किसी भी जगह तेजी से पहुंचा जा सकेगा।

### ऐसे काम करेगा चांद पर रेलवे

चंद्र रेलवे सिस्टम अगले दशक तक चालू हो सकता है। चंद्रमा पर यह विश्वसनीय, ऑटोमैटिक और कुशल पेलोड परिवहन प्रदान करेगा। यह सतह के चारों और कई टन रेगोलिथ (चंद्रमा की मिट्टी) के ट्रांसपोर्ट में भूमिका निभा सकता है। चांद पर बेस बनाने में चंद्रमा की मिट्टी कई तरह से अंतरिक्ष यात्रियों की ओर से इस्तेमाल की जा सकेगी। नासा के रोबोटिक्स इंजीनियर एथन स्केलर इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। उनका अनुमान है कि एक दिन में यह 100 टन कार्गो ट्रांसपोर्ट कर सकता है। स्केलर ने कहा, 'फ्लोट एक लपेटी जा सकने वाली कालीन की तरह होगी। आवश्यक्ताओं के हिसाब से इसे दूसरी जगह ले जाया जा सकेगा।' उन्होंने आगे बताया कि पहियों, पैरों या पटरियों वाले चंद्रमा रोबोट के विपरीत फ्लोट रोबोटों में कोई हिलने वाला भाग नहीं होगा, और ट्रैक पर उड़ेंगे।

New Delhi

# यूपी-बिहार समेत 17 राज्यों में बारिश का अलर्ट, कई इलाकों में लू का दौर भी जारी, जानें आज कैसा रहेगा मौसम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत में भीषण गर्मी के बीच कुछ राज्यों के मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं. मौसम विभाग की मानें तो 9 मई को पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश होने की संभावना है. वहीं पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ के कुछ हिस्सों में तेज आंधी के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है. इसके अलावा पश्चिम राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, सौराष्ट्र और कच्छ में लू का दौर जारी रहने की आशंका है. दिल्ली में 9 मई को तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा. मौसम विभाग ने दिल्ली में 10 से 12 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है. इस दौरान दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है. IMD



के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है. वहीं न्यूनतम तापमान 24 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है. मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान बिहार, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में हल्की से मध्यम बारिश, गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे) चलने की उम्मीद है. वहीं उत्तराखंड, पूर्वोत्तर भारत, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, पूर्वी मध्य प्रदेश, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश संभव है. इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश संभव है.

Punjab

## पैदा करें कम से कम 5 बच्चे, नहीं पाल सकते तो 4 हमें दें सिखों से संस्था की अपील



**चंडीगढ़, (एजेंसी)** सिख संस्था दमदमी टकसाल के मुखी ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा ने सिखों से अपील की है कि वे ज्यादा बच्चे पैदा करें। उन्होंने एक सार्वजनिक सभा में पंजाबियों और खासतौर पर सिखों से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कम से कम 5 बच्चे पैदा करने चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की संख्या अधिक होने से पारिवारिक मूल्यों को बचाए रखने में मदद मिलेगी। इसके अलावा समाज भी मजबूत होगा। दमदमी टकसाल का नेतृत्व खालिस्तानी जरनैल सिंह भिंडरावाले ने भी किया था। हरनाम सिंह खालसा ने कहा कि यदि किसी को अपने ज्यादा बच्चे पालने में समस्या आती है और आर्थिक संकट है तो उसके लिए भी संस्था मदद करेगी।

दमदमी टकसाल के 16वें प्रमुख ने कहा कि सिख परिवारों को कम से कम 5 बच्चे पैदा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इससे पंजाब को धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक तौर पर मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यही नहीं उन्होंने कहा कि सिखों ही नहीं बल्कि पंजाब में रहने वाले अन्य समुदाय के लोगों को भी कम से कम बच्चे करने चाहिए। हरनाम सिंह खालसा ने कहा, 'आप सभी के 5-5 बच्चे होने चाहिए। अभी समय है और यदि यह निकल गया तो फिर आप लोग पछताएंगे।' खालसा ने कहा कि यदि आप उन्हें पाल नहीं सकते तो एक को अपने पास रख लीजिए और 4 मुझे दे दीजिए।

Maharashtra

## बार के सामने नशे में टल्ली लड़कियों का हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस की वर्दी पकड़कर की बदसलूकी

**विरार, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित विरार में नशे में टल्ली लड़कियों ने रेस्टोरेंट-बार से निकलकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया. इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई. किसी ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लड़कियों को समझाने की कोशिश की. इस दौरान लड़कियां पुलिस पर ही टूट पड़ीं और पुलिस पर हमले की कोशिश की. पुलिस ने आरोपी लड़कियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, यह मामला विरार शहर का है. यहां विरार पश्चिम के एक बार और रेस्टॉरेंट में तीन लड़कियां पहुंचीं थीं. तीनों जब बार से बाहर आईं तो वह नशे में टल्ली थीं. सड़क पर आते ही लड़कियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया. सड़क पर लड़कियों का हाई वोल्टेज ड्रामा देख लोगों की भीड़ जमा होने लगी.



Uttarpradesh

## डॉलर वाली कमाई का सपना; नोएडा में 1200 लोगों से करोड़ों की ठगी का खुलासा

**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा में सेक्टर-126 पुलिस ने विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर करीब 1200 बेरोजगार युवकों के साथ करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना समेत 11 आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक महिला भी शामिल है। आरोपी सेक्टर-132 में अरबटेक ट्रेड सेंटर में इको प्राइजेज नाम से कंपनी आपरेट कर रहे थे। डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-126 थाना क्षेत्र में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो बेरोजगार युवकों से संपर्क करता है और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम उनसे ठगी करता है। इसके बाद एसीपी प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में मामले का पर्दाफाश करने के लिए एक टीम बनाई गई। इनपुट के आधार पर टीम ने सेक्टर-132 के अरबटेक ट्रेड सेंटर में इको प्राइजेज नाम की कंपनी में छापा मारा और 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मेरठ निवासी समीर शाह, बिहार के गोपालगंज निवासी नंद किशोर प्रसाद, मधुबनी निवासी मोहम्मद अली अख्तर, मोहम्मद एजाज, एजाज, दरभंगा निवासी एजाज अहमद, बेगूसराय के मोहम्मद नाजिम, पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी मुस्ताक खान, 24 परगना निवासी इंद्रजीत दास, झारखंड निवासी किशोर प्रसाद और दिल्ली निवासी नजराना के रूप में हुई। समीर शाह गिरोह का सरगना है, जबकि नजराना बतौर एजेंट काम करती है। अन्य आरोपी कर्मचारी हैं, जो सरगना के दिए गए निर्देशों पर काम करते हैं। आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग नामों से तैयार 755 नियुक्ति पत्र, 140 पासपोर्ट, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, वाईफाई राउटर, नगदी, भारत सरकार के मंत्रालयों के फर्जी दस्तावेज और चेक बुक समेत सामान बरामद हुआ है।

खेल

# T20: 218 रन का पीछा करते हुए 12 पर सिमटी मंगोलियाई टीम, बना डाला शर्मनाक रिकॉर्ड, शून्य पर आउट हुए छह बल्लेबाज

**नई दिल्ली, (एजेंसी) एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले मंगोलिया ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम किया है। क्रिकेट में डेब्यू के सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यह टीम केवल 12 रन पर सिमट गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है।**

जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में 12 रन पर ऑलआउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम। आइल ऑफ मैन की टीम ने 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन बनाए थे।



जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा काते स्टैफोर्ड ने 3.2 ओवर में सात रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद (चार रन देकर दो विकेट) और मकोतो तानियामा (कोई रन दिए बिना दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए। मंगोलिया की टीम के छह बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके।

इससे पहले मंगोलिया को मालदीव से भी नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में टीम ने नौ विकेट पर 60 रन बनाए थे। जापान के खिलाफ यह मैच मंगोलिया का टी20 में पांचवां मैच है।

जापान ने यह मैच 205 रन से अपने नाम किया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी बड़ी जीत है। रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड नेपाल के नाम पर है जिसने एशियाई खेलों में मंगोलिया को 273 रन से हराया था। उस मैच में नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ 314/3 का स्कोर बनाया था और मंगोलिया को 41 रन पर समेट दिया था।

सिनेमा

## दीपिका पादुकोण का वीडियो बना रहा था फैन, देखते ही एक्ट्रेस ने कैमरे को मारा धक्का और फिर...



दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही हैं। कुछ दिनों पहले ही दोनों की वेकेशन से फोटोज वायरल हुई थी जिन्हें शेयर करते हुए कहा जा रहा था कि दीपिका, रणवीर सिंह के साथ बेबीमून एंजॉय कर रही हैं। अब बुधवार को दीपिका और रणवीर को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान दीपिका ने कैमरे को देखकर कुछ ऐसा किया जिसके बाद फैंस के मन में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, गाड़ी से उतरने के बाद जब दीपिका एयरपोर्ट की तरफ जाती दिखती हैं तो कैमरा देखकर वह पहले मुंह बनाती हैं और फिर कैमरे को मारकर चली जाती है। अब वीडियो पर लोगों के मिक्स रिएक्शन आ रहे हैं। कोई कमेंट कर रहा है कि दीपिका को उन्हें ऐसे कैप्चर करना पसंद नहीं आया। किसी ने कहा कि दीपिका शायद अच्छे मूड में नहीं हैं तो किसी ने लिखा कि दीपिका ने यह जानबूझकर किया है मस्ती करने के लिए। बता दें कि हाल ही में रणवीर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दीपिका के साथ अपनी शादी की फोटोज हटा दी हैं। बस फिर क्या था इसके बाद से खबर आने लगी कि दोनों के बीच दिक्कत चल रही है। हालांकि हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों के बीच सब ठीक है।

## Highlights

1. **What can make a healthy snack as per ICMR?**
2. **Join work by 4 pm today: Air India Express to striking cabin crew**
3. **We need 15 secs: Navneet on Akbaruddin's old 'remove police for 15 mins' remark**
4. **Mumbai Airport runways to remain shut for six hours**
5. **Kerala Governor Arif Mohammad Khan visits Ram Temple**
6. **No proof of India's role in Khalistani separatist Pannun's murder plot in US: Russia**

# Dell's extreme steps to push for work from office: VPN tracking, layoff scare as company forcing employees to stop WFH

**NEW DEIHI, (Agency).** Dell is reportedly cracking down on employees who are working from home and forcing them to come to office. The Register reported that the company is planning to monitor if employees are working from on-site offices or not as well. For this, Dell is introducing badge tracking through a "human capital management software". The company will also give colour-coded ratings to employees depending on their on-site presence.

Extreme steps that Dell is taking to ensure work from office

As per the rating a blue flag will mean an employee is consistently coming to the office, a green flag will show their regular on-site presence, a yellow flag will show "some on-site presence" and a red flag will mean that the employee's presence in the office is not much, the report claimed.




Participate daily to win an iPhone 15 & Boat Smartwatches!

The company will also track VPN connections to check whether employees are working from office or not.

Managers unhappy with Dell's steps

As per the report, many managers at Dell aren't happy with the new system as the policy could result in reducing growth prospects for employees who choose to work from home. These employees could also be laid off, managers at Dell feel, as per the report.

What has Dell said on work from office

Dell said as per a statement in the report, "We shared with team members our updated hybrid work policy. Team members in hybrid roles will be onsite at a Dell Technologies office at least 39 days per quarter (on average three days a week). In today's global technology revolution, we believe in-person connections paired with a flexible approach are critical to drive innovation and value differentiation."

# Defence stocks: HAL, BEL shares gain over 2%, Nomura sees up to 30% upside

**NEW DEIHI, (Agency).** Defence stocks Hindustan Aeronautics (HAL) and Bharat Electronics (BEL) shares rose over 2% today (May 9). This comes after foreign brokerage Nomura initiated coverage on the stocks. In early trade, HAL share price is up to 2.45%, and BEL share price has rose as much as 2.78%. Nomura said that India's defence sector is witnessing major growth owing to increasing defence budgets,



modernization efforts and the government initiatives like "Make in India."

As per the brokerage, there is a significant opportunity for India's defence sector as it expects momentum in India's defence exports to continue.

Nomura initiated coverage on HAL stock with a 'Buy' rating and put a share price target of ₹4,750 apiece. Nomura said that Hindustan Aeronautics has seen a sharp re-rating since June 2023, with 1-year forward PE shifting to 22x-42x from 16x-22x. The brokerage attributed this to MoU with GE for F414 fighter jet engine, and Approval of Necessity (AoN) for LCA Mk1A, LCH, and upgrades of Su-30 MKI.

Nomura said, "We anticipate that BEL's premium valuations will endure, supported by enhanced visibility on the platform side, healthy return ratios, and a resilient margin profile." The brokerage forecasts ROEs to increase to 27.7% in FY26F from 23.5% in FY23 and put a 'Buy' rating on the stock with a share price target of ₹300 apiece.

# प्लायवुड कारोबारी पर सुसाइड के लिए उकसाने का केस

## आरोप- बेटी पैदा होने के बाद से बढ़ गया शारीरिक व दहेज प्रताडऩा का सिलसिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजय नगर में रहने वाली महिला ने अपने प्लायवुड कारोबारी पति और जेठ-जेठानी पर प्रताडऩा का केस दर्ज करवाया है। आरोप है कि बेटी होने के बाद से उन्होंने मुझे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। मैं घर नहीं छोड़ रही तो आत्महत्या के लिए उकसाते हैं, पीटते हैं। पति के अन्य महिलाओं से संबंध हैं। जब इन लोगों ने घर में तोडफ़ोड़ की तो लगा ये मुझे मार देंगे, इसलिए सबूत के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। मामला हाई प्रोफाइल होने से पुलिस ने सबूत देख केस दर्ज कर लिया है।

विजय नगर टीआई सीबी सिंह ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली मिनी सूद (39) की रिपोर्ट पर उसके पति आदर्श सूद निवासी बीएएफ-13 स्कीम नंबर 74, जेठ समीर और जेठानी हनी सूद के खिलाफ प्रताडऩा और घर में तोडफ़ोड़ का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं लॉ की पढ़ाई कर रही हूं। 2008 में मेरी शादी आदर्श से हुई थी। उनका प्लायवुड का बड़ा कारोबार है, खुद की फैक्टरी है। शादी के दो साल तक तो सब कुछ ठीक चलता रहा। लेकिन, जब मुझे बेटी हुई तो पति का व्यवहार बदल गया। हम दोनों के बीच विवाद होने लगे। मुझे जब पता चला कि आदर्श के अन्य महिलाओं से संबंध हैं तो मैंने उन्हें समझाया। इसके बाद वे ज्यादा प्रताड़ित करने लगे।

मिनी ने बताया कि लोक लाज और परिवार को बचाने के लिए कई साल तक मैं सब कुछ सहन करती रही। इधर, टीआई सिंह ने बताया कि परिवार हाईप्रोफाइल है। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहे हैं। इनके बच्चों को लेकर कोर्ट में भी केस चले हैं। महिला से मारपीट व तोडफ़ोड़ होने पर प्रताडऩा का केस दर्ज किया है।

जेठ-जेठानी ने घर में की तोडफ़ोड़ पीड़िता ने बताया, बीते मंगलवार को पति आदर्श व जेठ-जेठानी घर आए और घर का सामान ले जाने लगे। उन्हें सामान ले जाने से रोका तो पति ने चांटा मार दिया। मैंने कहा कि हमारा अभी तलाक नहीं हुआ है। इस बात पर वे और भडक़ गए, मेरे साथ मारपीट कर दी। इधर, गुस्से में जेठानी हनी और जेठ समीर ने घर का सामान तोडफ़ोड़ दिया। सभी लोग मिलकर मुझे आत्महत्या करने के लिए उकसाते हैं। पांच साल से इनकी प्रताडऩा झेल रही हूं।

### खाते से रूपए ट्रांसफर हुए

**इंदौर**। एक शख्स के साथ आनलाइन धोखाधड़ी हुई। इस मामले में एक साल बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। लसूडिय़ा पुलिस ने बताया कि रामदेव सिंह निवासी विजयनगर के खाते से अज्ञात ठग ने बिना ओटीपी पूछे दो अलग अळग ट्रांजेक्शन के माध्यम से एक लाख &7 हजार 750 रूपए ट्रांसफर कर लिए। आनलाइन ठगी का यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी ठग कई लोगों को झांसे में लेकर ठग चुके हैं ठगोरे हर बार नया तरीका अपनाते हैं।

### महिला से छेड़छाड़

**इंदौर**। सिमरोल थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ में गांव के ही एक आरोपी ने छेड़छाड़ कर दी। बताया जाता है कि महिला को अकेला पाकर आरोपी उसके घर में घुस आया था। जब पति और देवर ने उसे समझाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसे पीट दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी देर रात घर के अंदर आया। उसे अकेला पाकर बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। उसे बोलने लगा कि मैं तुझसे प्यार करना चाहता हूं। वह चिल्लाई तो हमारे घर के पड़ोस में रहने वाला देवर वहां आ गया। उसने बीच बचाव कर आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद में देवर ने पति को फोन करके बुला लिया। पति और देवर ने समझाया तो आरोपी ने बोला कि तु हारी पत्नी से प्यार करता हूं। जब पति और देवर ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उन्हें पीट दिया और वहांसे भाग गया। वह पति के सथ में थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

# श्वान को बोरे में बंद कर फेंका पुलिस ने दर्ज किया प्रक्रण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमआईजी में श्वान को पीटने के बाद बोरे में बंद कर फेंक दिया। पीपुल्स फॉर एनीमल्स की तरफ से आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। वहीं चंदन नगर में भी एक ऑटो ड्राइवर ने अपनी ऑटो से श्वान के दो ब'चों को कुचल दिया। इस मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज किया है।

एमआईजी पुलिस के मुताबिक किरण सूर्यवंशी ने बताया कि वह कृष्णबाग कॉलोनी में रहती है। वह हाउस कीपिंग का काम करती है। उन्होंने 11 माह पहले एक श्वान को पाला है। जो गली में ही घूमता है। उनके घर के पास एस कुमार रहते हैं। जो अक्सर श्वानों के भौंकने और अन्य बात पर आपत्ति लेते हैं। कई बार किरण से उन्होंने विवाद भी किया। करीब 8 दिन पहले वह श्वान को डंडे से पीट रहा था। पीटने के बाद कुमार ने श्वान को बोरे में भरकर कहीं फेंक दिया। काफी दिनों तक वह नहीं दिखा तो उसकी तलाश की। कुमार से पूछा तो उसने कहा कि उसे ठिकाने लगा दिया है। अब उस श्वानके बारे में पूछा तो ठीक नहीं होगा। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। वहीं पीपुल्स फॉर एनीमल्स की प्रियांशु जैन की शिकायत पर चंदन नगर पुलिस ने ऑटो नंबर (एमपी 09 आरए084) पर केस दर्ज किया है। प्रियांशु जैन ने अपनी शिकायत में बताया कि श्वान के दोनों ब'चे सडक़ पर सो रहे थे। ऑटो ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर उन्हें कुचल दिया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# तलाकशुदा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर रेप करने का मामला सामने आया है। पीडिता के मुताबिक पति से तलाक के बाद वह इंदौर में रह रही है। आरोपी ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर उसके साथ रेप किया। डेढ माह बाद पीड़िता को गर्भ का पता चला तो उसने पुलिस से शिकायत कर दी। एसीपी परदेशीपुरा (आईपीएस) नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि महिला ने बताया कि 2014 में उसकी शादी जयपुर में हुई थी। पति से विवाद के बाद 2019 में इंदौर आ गई। 2 साल बाद 2021 में उसका तलाक हो गया। इसके बाद इंस्टाग्राम पर उसकी 2023 में अभिषेक पिता अनिल रायकवार निवासी खजराना से दोस्ती हुई। अभिषेक ने पीड़िता के घर आना-जाना शुरू कर दिया। इस बीच अभिषेक ने पीड़िता को शादी का झांसा दिया और कई बार संबंध बनाए। कुछ दिन पहले अभिषेक को उसने संबंध बनाने से इंकार कर दिया इसके चलते आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और मोबाइल तोड़ दिया। बाद में पीड़िता की तबीयत बिगड़ी उसने जांच कराई तो पता चला कि उसे डेढ माह का गर्भ है। अभिषेक को यह बात बताई तो उसने कहा कि गर्भपात करा ले। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

# पति ने किया था पत्नी पर हमला उपचार के दौरान तोड़ा दम

## सोते में सिर पर पत्थर मारकर भाग गया था आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना में 4 मई की रात एक पति ने पत्नी पर सोते समय में हमला कर दिया था। इस हमले में घायल महिला की पांच दिन उपचार चलने के बाद मौत हो गई। दोनो के बीच काफी समय से विवाद चले आ रहा था। इस मामले में आरोपी पति अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

खजराना में रहने वाली ममता चौधरी (30) पर उसके पति मोहन निवासी छोटा बागड़दा ने पत्थर से हमला कर दिया था। मोहन हमला कर फरार हो गया। परिवार ने उसे देखा ओर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसे वेटीलेटर पर रखा गया था। गुरूवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस अब मामले में हत्या की धाराएं बढाएगी।

**भाई ओर मां ने देखा था-** ममता की चीख सुनकर छोटा भाई महेश और मां वहां पहुंचे थे। वह खून से लथपथ पड़ी थी। पति मोहन बाहर की तरफ भागता दिखाई दिया। परिवार का आरोप है कि खजराना पुलिस ने पांच दिन में आरोपी मोहन को नही पकड़ा। इधर बहन की हालत दिन ब दिन बिगड़ती जा रही थी।

**दोनो में चल रहा था विवाद-** ममता के भाई शिवनारायण ने बताया कि 8 साल पहले दोनों की शादी हुई थी। शादी के चार साल बाद दोनों में विवाद हुआ। पति आए दिन शराब पीने के चलते ममता के साथ मारपीट करता। इसलिये दोनों बच्चों को लेकर खजराना में आ गए। 15 दिन पहले मोहन घर आया और ममता से विवाद कर कहा कि छोटा बेटा चेतन उसके साथ रहेगा। इस पर वह बेटे को अपने साथ ले गया। वह ममता को अपने साथ रखने के लिये डरा धमका रहा था। लेकिन शराब पीने की आदतों के चलते बहन उसके साथ जाने को राजी नहीं थी।

# युवती के घर तोडफ़ोड़, मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ इलाके में एक आरोपी ने आपसी विवाद में युवती के घर में तोडफ़ोड़ कर दी और उसे पीट दिया। मां बचाने आई तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि फरियादी समीक्षा गुप्ता निवासी न्यूयार्क सिटी राऊ की रिपोर्ट पर आरोपी पीयूष के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपी के साथ मेरी अनबन हो गई थी उसी बात को लेकर देर रात वह घर पर आया और तोडफ़ोड़ कर दी वह गालियां देने लगा और हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा। मेरी मां नीना सिंह बचाने आई तो उनके साथ में भी मारपीट कर दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।

इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक